आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 मार्च 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच, गोण्डा और बलरामपुर जिलों का किया दौरा। मां पाटेश्वरी शक्ति पीठ के चैत्र नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और गोण्डा के सुहेलवा वन्य जीव अभ्यारण्य का नाम सुहेलदेव वन्य जीव अभ्यारण रखने के दिये निर्देश।
- कानपुर में गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत के चलते लखनऊ–कानपुर रेलमार्ग पर तीस अप्रैल तक प्रभावित रहेगा चौहत्तर ट्रेनों का संचालन।
- उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कल से हुआ शुरू। पहले दिन करीब एक लाख पचहत्तर हजार श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं के चलने का पूर्वनुमान जताया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बहराइच, गोण्डा और बलरामपुर जिलों के दौरे पर रहे। कल देर शाम उन्होंने बलरामपुर में मां पाटेश्वरी देवी शक्ति पीठ तुलसीपुर में चैत्र नवरात्र राजकीय मेला दो हजार पचीस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मां पाटेश्वरी के इस शक्ति पीठ पर चैत्र नवरात्र में लाखों श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिये सभी तैयारियां अभी से हो जानी चाहिए। उन्होंने मेले के दौरान पर्याप्त सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था, महिला सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। बलरामपुर से पहले मुख्यमंत्री ने गोण्डा में अधिकारियों के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोहेलवा वन्य जीव अभ्यारण्य का नाम बदलकर सुहेलदेव वन्य जीव अभ्यारण्य रखा जाय।

समीक्षा से पूर्व मुख्यमंत्री ने गोण्डा जिले में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत देवीपाटन मंडल के एक हजार चार सौ तेइस उद्यमियों को पचपन करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये और एक जनपद–एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत शिल्पकारों को टूल किट का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं का स्वावलम्बन है।

***हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवा के स्वावलम्बन का होना है ये युवाशक्ति एकबार स्वावलम्बी हो जायेगी तो उत्तर प्रदेश को स्वावलम्बी होने में कोई रोक नहीं सकता है और इसी भाव के साथ जब इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, उसका पोर्टल तैयार होने में स्कीम को लॉच करने में समय लगा। 24 जनवरी को जब हमने महामहिम उपराष्ट्रपति जी के कर कमलों से इस स्कीम को आगे बढ़ाने का काम किया था। बैंकर्स के साथ हम लोगों ने बैठक की और गुझे अच्छा लगा कि उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि जहां हमें एक लाख लोगों को 31 मार्च तक इस व्यवस्था के साथ जोड़ना था। अब तक इसमें रजिस्ट्रेशन 3 लाख से अधिक युवाओं ने कर लिया है।***

इससे पहले कल दिन में मुख्यमंत्री ने बहराइच में तहसील मिहींपुरवा के मुख्य भवन के साथ ही आवासीय भवनों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एन्टी भूमाफिया टॉस्क फोर्स के माध्यम से राज्य की 64 हजार एकड़ जमीन को भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया गया।

***हम लोगों ने 33 लाख मामलों का निस्तारण करके गरीब को न्याय दिलाने का काम किया है और उसके साथ सरकार खड़ी थी। सरकार की कार्यवाही का परिणाम है कि भूमाफिया टास्क फोर्स के माध्यम से 64 हजार एकड़ लैंड को अवैध कब्जे से मुक्त कराने काम भी किया है।***

मुख्यमंत्री आज अयोध्या जिले के दौरे पर रहेंगे।

**********

कानपुर में गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की मरम्मत के चलते लखनऊ–कानपुर रेलमार्ग पर तीस अप्रैल तक चौहत्तर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने बताया कि करीब दस रेलगाड़ियों को निरस्त किया गया है। वहीं अन्य ट्रेनों को रूट डायवर्ट करके चलाया जा रहा है।

***करीब 10–10.5 मेल एक्सप्रेस रेल गाड़ियां पर ड़े कैंसिल भी हैं, बाकी इसमें प्रयास किये गए हैं कि या तो हम डायवर्ट करें जिससे एक ढ़ेढ़ घंटे का नुकसान होगा, पर वह डायवर्ट होकर फिर भी आगे अपना रूट पकड़ लेगी या हमने कुछ शार्ट टर्मिनेट करने की कोशिश कीहै गाड़ियों को खासकर जो पैसेंजर्स ट्रेन है शार्ट टर्मिनेट करे ताकि आम जनता को परेशानी न हो और 2 से 3 दिन हम लोग काम करलें तो अगर हमको लगता है कि कुछ औरगाड़ियां है जो हम चला सकते है या हम इसकी समय अवधि कम कर सकते है तो क्योकि हम भी नही चाहते है कि किसी भी पैसेंजर को किसी भी प्रकार की इनकनवियंस हो।***

**********

प्रदेश सरकार के पर्यावरण निदेशालय ने अन्तरराष्ट्रीय संस्था आई फॉरेस्ट के साथ कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में सतत विकास को बढ़ावा देना और प्रदूषण की समस्या का निवारण करना है। वन और पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों और समाधानों का अन्वेषण किया जाएगा।

**********

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गया। कल शाम पांच बजे तक पहले दिन रिकॉर्ड करीब एक लाख पचहत्तर हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। एक रिपोर्ट–

***इस साल पंजीकरण आधार से प्रमाणित होंगे और पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना होगा। कुल पंजीकरण में से 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन और 40 प्रतिशत ऑफलाइन होंगे, ताकि तीर्थयात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश समेत यात्रा मार्गों पर पंजीकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। तीर्थयात्री registrationandtouristcare.uk.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। साक्षी सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।***

चार धाम यात्रा तीस अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ शुरू होगी।

**********

राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने बीएचयू वाराणसी के आयुर्वेद संकाय में रस शास्त्र तथा भैषज्य कल्पना विभाग के आचार्य डॉक्टर के. रामचंद्र रेड्डी को महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर का नया कुलपति नियुक्त किया है। वह वर्तमान कुलपति प्रोफेसर अवधेश कुमार सिंह का स्थान लेंगे। नवनियुक्त कुलपति डॉक्टर रेड्डी का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए होगा। गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय राज्य का पहला आयुष विश्वविद्यालय है।

**********

कानपुर नगर में कल ऐतिहासिक हटिया की होली खेली गयी। कानपुर की इस विशेष परम्परागत होली का इतिहास ब्रिटिश शासन के समय का है जब स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। एक रिपोर्ट–

***वर्ष 1942 में ब्रिटिश सरकार ने कानपुर में होली खेलने पर पाबंदी लगा दी थी उस दौरान होली खेलते हुए 47 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया था। इसके विरोध में कानपुर के लोग एकजुट हुए और 5 दिनों तक होली का रंग लगाकर हटिया में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में लोगो के प्रदर्शन के बाद ब्रिटिश सरकार को क्रांतिकारियों को रिहा करना पड़ा। जिसके बाद राष्ट्रगान गाकर लोगो ने हटिया रज्जन बाबू मैदान से रंगो से भर भैसा ठेला निकाला और बड़े हर्षोल्लास से होली खेली। उसी परंपरा को निभाते हुए अनुराधा नक्षत्र पर ऐतिहासिक हटिया की होली खेली गई। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर नगर।***

**********

गोरखपुर में धर्म और आध्यात्म पर आधारित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव कल से शुरू हो गया। वहां के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस फिल्मोत्सव में पहुंचे सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता–निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि धर्म और आध्यात्म से संबंधित फिल्मों के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है। वहीं, पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने उम्मीद जताई कि यह आयोजन उन फिल्मों को प्रदर्शित करने का बेहतर मंच बनेगा जो धर्म, संस्कृति और आस्था को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करती हैं।

**********

प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश होने, बौछारें पड़ने, वज्रपात और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, चित्रकूट और कौशाम्बी समेत कुछ जिलों में आज दोपहर से पहले तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है। प्रयागराज, कौशाम्बी और जौनपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में कल भी सुबह से रूक–रूक कर बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

**********